723
11/12/12

खण्ड-8 संख्या-14

दशम

# बिहार विधान-सभा वादवृत

## भाग-1

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर

बुधवार, तिथि 15 जुलाई 1992 ई०

कराकर उसे आवागमन लायक बनाने का विचार रखती है हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों।

**श्री गणेश प्रसाद यादव -**

1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. उत्तर स्वीकारात्मक है।

3. उत्तर स्वीकारात्मक हे।

4. निधि की उपलब्धता के अनुसार पथ की आवश्यके मरम्मति करा दिया जायेगा।

## पथ का जीर्णोद्वार

**1230. श्री देव दयाल :** क्या मंत्री, ग्रा० वि० विभग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिला अन्तर्गत प्रखंड कटकम सांडी के ग्राम कचनपुर से सुलताना भाया बकरार तक ग्रामीण पथ के रोड़े उखड़ जाने से सड़क की हालत जर्जर हो गई है। जिस कारण आवागमन में कठिनाई होती है?

2. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार पथ का जीर्णोद्वार कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

**श्री गणेश प्रसाद यादव -**

निधि के उपलब्धता के अनुसार मरम्मति की कार्रवाई की जायेगी।

## सड़क की मरम्मत

**1231. श्री जगन्नाथ प्रसाद राय :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि -

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर प्रखण्ड के सराय से हरौली ग्राम तक जिला परिषद् की सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है उक्त सड़क की लम्बाई 8 कि०मी० है।

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की स्थिति जर्जर है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मति शीध्र कराना चाहती है?

**श्री गणेश प्रसाद यादव -**